Regarding Illegal Sand Mining in the Sone River flowing through Bhojpur and Rohtas District of Bihar

श्री सुदामा प्रसाद (आरा) : महोदया, आपका आभार कि आपने मुझे बोलने का मौका दिया ।

बिहार के भोजपुर और रोहतास जिले में सोन नदी बहती है और सोन नदी की मूल धारा को बांधकर बालू माफिया अवैध खनन कर रहे हैं, गहरी खुदाई कर रहे हैं, जिसकी वजह से सोन नदी के किनारे के गाँवों में पीने के पानी का संकट पैदा हो गया है, चापाकल भाग गए हैं । यह दुर्भाग्य है । बालू का पहाड़ खड़ा कर दिया है । नदी के किनारे के गाँवों में बालू उड़कर खेतों में जा रही है और खेतों की उर्वरक क्षमता खत्म हो रही है । लोगों के खाने में भी बालू पड़ रही है । जो बालू लदे हुए ट्रक जाते हैं, उनसे हर साल सैंकड़ों की तादाद में लोग चापा गिरकर के मरते हैं और जो नदी में गहरी खुदाई हुई है, उसमें डूबकर लोग मरते हैं । जो बालू से पानी टपकते हुए जाता है, उससे सड़कों की मियाद, सड़कों का जीवन बहुत कम समय का होता है, 6 माह में सड़कें खराब हो जाती हैं । इसलिए आपके माध्यम से मैं सरकार से माँग करता हूँ कि सोन नदी की मूल धारा को मुक्त किया जाए यानी उसे मूल स्वरूप में लाया जाए और बालू माफियाओं के अवैध उत्खनन पर रोक लगायी जाए । धन्यवाद ।